www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार... राष्ट्रीय संस्करण

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -139 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

टी-20 लीग के लिए गौड़ ने किया गोरखपुर लायन्स क्रिकेट टीम का अधिग्रहण

ग्रेटर नोएडा, 24 अगस्त (देशबन्धु)। गौड़ ग्रुप ने यूपी टी20 लीग में गोरखपुर लायन्स फ्रैंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह साझेदारी क्षेत्र में खेल एवं सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने की गौड़ ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गौर सिटी में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया है। गोरखपुर टीम यूपी टी20 लीग में हिस्सा लेने वाली छह टीमों में से एक है, उनके अलावा लीग में नोएडा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और मेरठ टीमें भी शामिल होंगी। गुरुवार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेस सम्मेलन में इस उल्लेखनीय विकास की घोषणा की गई, यूपी टी20 लीग 30 अगस्त को अपने पहले सीजन के लिए तैयार है, जिसकी फाइनल एवं क्लोजिंग सेरेमनी 16 सितम्बर 2023 को होगी। यह लीग यूपी के प्रतिभाशाली युवाओं को लीग में हिस्सा लेकर क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका प्रदान करेगी। मनोज गौड़, चेयरमैन एवं एमडी, गौड़ ग्रुप ने सम्बोधित करते हुए अतिथि अभिनेता व सांसद रवि किशन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने गोरखपुर लायन्स टीम को बधाई दी और यूपी टी20 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साह बढ़ाया। टीम भी पूरे उत्साह और जोश के साथ जीत की यात्रा के लिए तैयार है। इस अवसर पर मनोज गौड़, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, गौड़ ग्रुप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी टी20 लीग में गोरखपुर लायन्स का अधिग्रहण गौर्स ग्रुप के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से हमें क्रिकेट प्रेमियों के साथ जुड़ने और समुदाय के लिए कुछ करने का मौका मिलेगा। हम निर्भीकता और बहादुरी के साथ खेलने और हर जीत का जश्न मनाने के लिए तैयार हैं। गोरखपुर लायन्स टीम की जर्सी, लोगो और एंथम 'जीत के जाएंगे' तथा 20 सदस्य के स्क्वैड का अनावरण गुरूवार 24 अगस्त 2023 को ग्रेटर नोएडा के गौड़ सिटी स्थित प्रतिष्ठित होटल द गौड़ सरोवर प्रीमियर में हुआ।